# वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय
## आरा -802 301 (बिहार)

पत्रांक:- DSW/34/26                                                  दिनांक:- 10/06/2026

**Four Year Under Graduate Programme under Choice Based Credit System (CBCS) के अन्तर्गत U.G. (Regular) सत्र 2026-30 में नामांकन हेतु विद्यार्थियों के लिए दिशा-निर्देश:-**

U.G. (Regular) सत्र 2026-30 के लिए Four Years Under Graduate Programme under Choice Based Credit System (CBCS) के अन्तर्गत वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के सभी कोटी के महाविद्यालयों में प्रथम सेमेस्टर में नामांकन हेतु विद्यार्थियों के लिए निर्देश तय किये गये हैं, जो निम्नवत है:-

1. Online Application form fill करते समय विद्यार्थियों के द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करना अनिवार्य है।

   विद्यार्थी सर्वप्रथम अपना Login ID एवं Passward जेनरेट करेंगे। उसके उपरान्त Online Application भरते समय अपनी सभी प्रविष्टियों को ध्यान पूर्वक सही-सही अंकित करेंगे।

(क) समर्थ पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया - Step - (Profile Creation)

   (i) सही नाम, Email ID, जन्मतिथि, आवेदक अपना (Mobile Number एवं Email ID) डालेंगे, साथ अपना User ID बनायें।

   (ii) User ID, एवं Password से अपना Login बनायें।

(ख) Login करने के पश्चात् अपना - Personal Detail, Family Detail, Address, Quota, AADAR ID, AADAAR No. अंकित करते हुए Save & Next करें। (विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करते समय ID Proof में अपना 12 अंकों का आधार संख्या अंकित करें, **अन्यथा संख्या सही नहीं रहने पर भविष्य में उन्हें डिग्री लेने में परेशानी हो सकती है।**

(ग) आवेदन करते समय अपने Profile में निम्नांकित Document upload करें।

   (i) फोटो जिसमें Face 80% visible हो (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format Only.

   (ii) Signature (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format Only.

   iii) Domicile certificate (if applicable) (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format Only.

   (iv) PWD/जाति प्रमाण पत्र (if applicable) (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format Only.

   (v) ID Prof (AADHAR Card only) (10kb to 500 kb) jpg, jpeg format Only.

**(वर्णित बिन्दुओं को पूरा करने के पश्चात् विद्यार्थी ये अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा अंकित की गयी सभी जानकारी सही है। एक बार Profile Submit होने के पश्चात् उन्हें सुधार का मौका नहीं दिया जाएगा।**

**Step - II (Programme Selection)**

(i) "Apply for Programme" बटन पर क्लिक करने के पश्चात अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार एक (01) विषय का चयन करते हुए किसी भी श्रेणी के अधिकतम 10 (दस) महाविद्यालयों का चयन प्राथमिकता क्रम में करेंगे।

1/3

यदि मेधा सूची में आपका नाम प्रकाशित होता है, तो आपके द्वारा चयनित 10 महाविद्यालयों एवं विषयों में से ही आपको मेधा के आधार पर महाविद्यालय आवंटित किया जाएगा। विश्वविद्यालय आपके विकल्पों के अतिरिक्त किसी अन्य महाविद्यालय को आवंटित नहीं करेगा।

(ii) मैट्रिक (10वीं) का प्राप्तांक, कुल अंक, उत्तीर्णता वर्ष, बोर्ड एवं विषय **सावधानीपूर्वक भरें।** 10वीं का Marksheet/Certificate केवल PDF Format में अपलोड करें।

(iii) इंटरमीडिएट/समकक्ष (+2) के केवल पांच (05) विषयों के अंक अंकित करें। किसी **अतिरिक्त विषय एवं उसके अंक को दर्ज न करें।** 12वीं का Marksheet/Certificate केवल PDF Format में अपलोड करें।

**Step - III (Fee Payment)**

(i) विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे केवल उसी विषय का शुल्क जमा करें, जिसमें वे नामांकन लेना चाहते हैं। शुल्क भुगतान का अवसर केवल एक बार प्रदान किया जाएगा।

(ii) शुल्क भुगतान के उपरान्त विद्यार्थी अपने भरे हुए आवेदन-पत्र की प्रति डाउनलोड कर सुरक्षित रखें। साथ ही अपना **पंजीकृत Email ID एवं Password भी सुरक्षित रखें।**

2. विद्यार्थी Four Year Under Graduate Programme (CBCS) में नामांकन हेतु आवेदन-पत्र में Major Course के रूप में उसी का चयन करेंगे, जिसमें B.A., B.Sc. अथवा B.Com करना चाहते है।

(ii) विद्यार्थी MJC Subject के लिए अधिकतम एक (01) विषय का विकल्प दे सकते है।

**संकायवार विषय चयन की पात्रता**

1. +2 विज्ञान (Science) संकाय से उर्त्तीण विद्यार्थी **वाणिज्य** अथवा **कला** संकाय में से किसी एक Major Subject का चयन कर सकते हैं।
2. +2 विज्ञान (Commerce) संकाय से उर्त्तीण विद्यार्थी **वाणिज्य** अथवा **कला** संकाय में से किसी एक Major Subject का चयन कर सकते हैं।
3. +2 विज्ञान (Arts) संकाय से उर्त्तीण विद्यार्थी वाणिज्य अथवा कला संकाय में से किसी एक Major Subject का चयन कर सकते हैं।
4. +2 समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी **विज्ञान, वाणिज्य** अथवा **कला** संकाय से में से किसी एक Major Subject का चयन कर सकते हैं। किन्तु **ITI** से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय में उर्त्तीण होना अनिवार्य होगा।

**3. आरक्षण का लाभ**

यदि कोई विद्यार्थी बिहार सरकार द्वारा प्रदत्त आरक्षण श्रेणी का लाभ लेना चाहता है, तो वह आपनी जाति के अनुसार **BC-I, BC-II, EWS, SC, अथवा ST श्रेणी का सही चयन ऑनलाइन आवेदन पत्र में करेगा।**

यदि किसी विद्यार्थी द्वारा गलत आरक्षण श्रेणी का अनुचित लाभ लेने पर उसका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा।

**नोटः- बिहार सरकार द्वारा निर्गत आरक्षण नियमावली का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा।**

**4. मेधा सूची ( Merit List) का निर्धारण**

मेधा सूची का निर्धारण MJC विषय हेतु +2 परीक्षा के कुल 500 अंकों में प्राप्त अंको, महाविद्यालय विकल्प तथा आरक्षण श्रेणी में उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। यह मेधा सूची पूर्णतः Software Generated होगी।

**5. Slide Up की सुविधा**

यदि छात्र अपने आवंटित महाविद्यालय (Allotted College) से संतुष्ट नहीं हैं, तो वे अगले मेधा सूची शामिल होने हेतु "Slide Up" विकल्प का चयन करेंगे। यदि विद्यार्थी Slide Up का विकल्प नहीं चुनते हैं, तो उन्हें अगली मेधा सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। Slide Up की सुविधा अधिकतम दो बार प्रदान की जाएगी। यदि किसी विद्यार्थी को उसकी प्रथम वरीयता First Preference का महाविद्यालय आवंटित हो जाता है, तो उसे Slide Ip की सुविधा नहीं मिलेगी तथा नामांकन नहीं लेने की स्थिति में उसे अगली मेधा सूची में भी शमिल नहीं किया जाएगा।

**6. कोटा सीट के अंतर्गत नामांकन**

(i) NRI/Ward वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के स्थायी शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारी के पुत्र/पुत्री होना अनिवार्य होगा।

(ii) Donor

(iii) Sports राष्ट्रीय, राज्य अथवा जिला स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होने का प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा।

(iv) Fine Arts राष्ट्रीय, राज्य अथवा जिला स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होने का प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा।

(v) NCC/NSS/NCC हेतु "BB' अथवा "C" Certificate होना चाहिए। NSS हेतु National Camp में सहभगिता का प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

(vi) Ward of Army/Ex-Army सेवारत अथवा भूतपूर्व सैनिक के पुत्र/पुत्री होना अनिवार्य है।

नोट:- कोटा सीट के अन्तर्गत नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को संबंधित प्रमाण-पत्र की प्रति ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अपलोड करना अनिवार्य होगा। सहीं एवं वैध प्रमाण-पत्र के अभाव में उनका दावा मान्य नहीं होगा तथा नामांकन नहीं किया जाएगा।

**7. नामांकन के समय आवश्यक दस्तावेज**

विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में नामांकन के समय निम्नलिखित मूल प्रमाण-पत्र के साथ उनकी एक-एक स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा:-

1. 10वीं का Marksheet / Certificate (Age Verification) हेतु।
2. 12वीं का Marksheet / Certificate
3. CLC/ Migration Certificate (Original)
4. जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
5. PWD/EWS प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
6. Ward/NCC/NSS/Cultural/Ward of Army/Ex-Army से सम्बंधित प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।

10.06.26

अध्यक्ष, छात्र कल्याण

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

3/3